>

Title : The Minister of Parliamentary Affairs made a statement regarding Government Business for the week commencing the 3rd August, 2009 and submission made by members.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): With your permission Madam, I rise to announce that Government Business during the week commencing Monday, the 3rd of August, 2009, will consist of:-

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order Paper.

2. Consideration and passing of the Rubber (Amendment) Bill, 2009.
3. Consideration and passing of the Constitution (One Hundred and Ninth Amendment) Bill, 2009, after it is passed by Rajya Sabha.

4. Consideration and passing of the National Green Tribunal Bill, 2009.

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): माननीया अध्यक्ष महोदया, अगले सप्ताह की कार्य सूची में निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित किया जाए।

1. विदेशों में कार्यरत नर्सो एवं पैरामैडिकल स्टाफ की महिलाओं को, अनेकों तरह के शोषण के शिकार बच्चों की तरफ केंद्र सरकार को अविलंब ध्यान देने की आवश्यकता है।

2. बुंदेलखंड के टीकमगढ़ छतरपुर जिलों के जिन किसानों की भूमि ललितपुर सिंगरोली रेलवे लाइन के लिए अधिगृहीत की गयी थी, उनके परिवार के एक सदस्य को रेलवे में नौकरी देने के बारे में कदम उठाने के संबंध में विचार किया जाए।

श्री रामकिशुन (चन्दौली): माननीया अध्यक्षा जी, कृपया अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषय को सम्मिलित कर लिया जाएः-

1. देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र के विकास के लिए विशेष पैकेज एवं पूर्वांचल विकास प्राधिकरण का गठन किये जाने के संदर्भ में।

2. रेलवे की अप्रयुक्त भूमि का सदुपयोग करने की मांग के संदर्भ में।

SHRI DUSHYANT SINGH (JHALAWAR): Madam, the following issues should be included in the next week's business:-

1. Setting up of Food Processing Park in Rajasthan with special focus on oilseed, orange processing etc.

2. Discussion in regard to opium farmers and the hardships faced by them in Rajasthan and Madhya Pradesh.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): महोदया, कृपया अगले सप्ताह की कार्य-सूची में निम्नलिखित विषयों को शामिल किया जाएः-

(1) उत्तर प्रदेश में सन् 2001 से गरीबी रेखा के नीचे की सूची का पुनरीक्षण न किये जाने से उत्पन्न कठिनाइयों को दूर करने हेतु।

(2) पूर्वी उत्तर प्रदेश में मस्तिष्क ज्वर से बड़ी संख्या में लोगों को मौत से बचाने के लिए एक वैक्सीन की फैक्ट्री स्थापित किये जाने हेतु।

श्री यशवंत लागुरी (क्योंझर): महोदया, कृपया अगले सप्ताह की कार्य-सूची में निम्नलिखित विषयों को शामिल किया जाएः-

(1) उड़ीसा के क्योंझर जिले में खान-उत्खनन से होने वाले कार्य से बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने का कार्य।

(2) उड़ीसा में खनन क्षेत्र में बढ़ रहे अवैध कार्यों के खिलाफ सHत कार्यवाही किये जाने का कार्य एवं खनन क्षेत्र के आस-पास जिलों

में रहने वाले आदिवासी लोगों को सुविधा दिये जाने संबंधी कार्य।

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): महोदया, कृपया अगले सप्ताह की कार्य-सूची में निम्नलिखित विषयों को शामिल किया जाए:-

(1) दनियाँवा-शेखपुरा रेलवे लाइन को यथाशीघ्र चालू करना।

(2) हरनौत रेल कोच फैक्ट्री को यथाशीघ्र उत्पादन के लिए चालू करवाना।

(3) राजगीर ऑर्डिनैन्स फैक्ट्री को प्रोडक्शन के लिए यथाशीघ्र चालू करवाना।

(4) पान रिसर्च इंस्टीटयूट, इस्लामपुर (नालन्दा) में वैज्ञानिकों को पोस्टिंग कर रिसर्च कार्य शुरू करवाना।

(5) राजगीर-तिलैया लाइऩ पर परिचालन शुरू करवाना।

(6) एकंगरसराय-जहानाबाद संभावित रेलवे लाइन के लिए सर्वे करवाना।

अध्यक्ष महोदया : आप सिर्फ सब्जैक्ट मैटर बोल दीजिए, शीर्षक बोल दीजिए। पूरी विषय-वस्तु मत बोलिये।

श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी): महोदया, कृपया अगले सप्ताह की कार्य-सूची में निम्नलिखित विषयों को बहस के लिए शामिल किया जाए:-

(1) अनुसूचित जाति-जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के आरक्षण को लागू करने में जो गड़बड़ी है और नियुक्ति में जो पिछला बकाया है, उसको पूरा करने के लिए सदन में चर्चा की जाए।

(2) बिहार में सड़क निर्माण का काम केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग तथा इरकॉन कंपनी कर रही है। उसमें विलंब हो रहा है। बिहार के साथ अन्याय हो रहा है। ये केन्द्रीय कंपनियाँ निर्माण में भारी गोलमाल कर रही हैं। उस पर सदन में चर्चा की जाए।

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): महोदया, कृपया अगले सप्ताह की कार्य-सूची में निम्नलिखित विषयों को शामिल किया जाए:-

(1) बिहार राज्य के खगड़िया एवं सहरसा जिला को जोड़ने वाली पथ निर्माण विभाग की सड़क मानसी से सहरसा वाया बदला - माठा चौक - सोनवर्षा कचहरी पथ को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाए।

(2) पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर अंतर्गत सिमरी बख्तियारपुर से सोनवर्षा कचहरी रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे समपार संख्या 17 सी जो एन.एच.107 पर अवस्थित है, पर रेल रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए।